**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2463**
**(10 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण**

**2463. श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का राज्य/जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा संभाजी नगर (औरंगाबाद) सहित महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा दादरा और नगर हवेली हेतु कितनी निधि स्वीकृत और आवंटित की गई और कितनी निधि का उपयोग किया गया;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत संभाजी नगर (औरंगाबाद) सहित अन्यत्र आवासीय इकाइयां प्राप्त लाभार्थियों की संख्या कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त राज्यों में आवासों के निर्माण हेतु राज्य/जिला-वार कितने पात्र लाभार्थियों को अभी भी निधि उपलब्ध कराई जानी शेष है; और

(ङ) मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा महाराष्ट्र के लिए स्वीकृत निधि कब तक जारी किए जाने की संभावना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी)**

(क): पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

इसके अलावा , इसका जिला-वार ब्यौरा कार्यक्रम की वेबसाइट ***www.pmayg.nic.in--->AwaasSoft--->Reports--->Houses progress against the target financial year*** पर देखा जा सकता है।

(ख): पीएमएवाई-जी के अंतर्गत केन्द्रीय अंश राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को एक इकाई मानते हुए शेष लक्ष्यों, देयताओं और उपलब्ध अव्ययित शेष राशि के आधार पर सीधे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को जारी किया जाता है। इसके पश्चात , संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा विभिन्न जिलों में लाभार्थियों को ये निधियां जारी की जाती हैं। विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आज की तारीख तक मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र को जारी की गई निधियों के केन्द्रीय अंश की वर्ष-वार राशि का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

पिछले 5 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा इस मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।

(ग): महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में पीएमएवाई-जी के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत और निर्मित आवासों की संख्या क्रमश: 14,110 और 10,810 है।

(घ) और (ङ): प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत आवास स्वीकृत किए गए लाभार्थियों की आवश्यकता, राज्य के नोडल खाते में उपलब्ध व्यय न की गई शेष राशि, कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित वास्तविक और वित्तीय प्रगति संबंधी उपलब्धियों के आधार पर राज्य की मांग के आधार पर राज्य को निधियां जारी की जा रही हैं।

पीएमएवाई-जी के तहत केंद्रीय अंश की राशि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को एक इकाई मानते हुए, शेष लक्ष्यों, देनदारियों और उपलब्ध व्यय न की गई शेष राशि के आधार पर सीधे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को जारी की जाती है। इसके पश्चात , संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा विभिन्न जिलों में **लाभार्थियों** को निधियां जारी की जाती हैं। मध्य प्रदेश , दादरा नगर हवेली और महाराष्ट्र को निधियां जारी करने के लिए इस मंत्रालय में कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

**अनुबंध-I**

**लोकसभा में दिनांक 10.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2463 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित विवरण**

पिछले 5 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमएवाई-जी के तहत स्वीकृत आवासों की संख्या, निर्मित आवासों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा

(इकाइयाँ संख्या में)

| | | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृत | निर्मित | स्वीकृत | निर्मित | स्वीकृत | निर्मित |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 2,131 | 747 | 18,803 | 2,417 | 10,784 | 992 |
| 2 | असम | 1,79,824 | 84,010 | 1,50,026 | 1,30,878 | 2,16,235 | 1,17,694 |
| 3 | बिहार | 10,43,646 | 3,76,216 | 6,25,119 | 9,42,613 | 8,98,444 | 5,08,362 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 1,50,952 | 34,587 | 1,57,529 | 59,684 | 371 | 23,289 |
| 5 | गोवा | 53 | 3 | 31 | 87 | 47 | 19 |
| 6 | गुजरात | 1,01,177 | 35,589 | 21,182 | 50,742 | 1,06,635 | 77,282 |
| 7 | हरियाणा | 113 | 6,670 | 60 | 1,215 | 3,312 | 263 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 1,035 | 447 | 3,986 | 605 | 2,729 | 1,884 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 38,592 | 5,016 | 64,012 | 21,569 | 55,807 | 42,515 |
| 10 | झारखंड | 3,01,960 | 1,56,974 | 3,61,508 | 2,35,011 | 3,90,112 | 2,95,036 |
| 11 | केरल | 738 | 779 | 3,324 | 686 | 12,586 | 2,440 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 3,78,232 | 2,72,863 | 7,56,174 | 2,61,254 | 4,89,772 | 6,06,303 |
| 13 | महाराष्ट्र | 2,47,113 | 92,285 | 2,89,858 | 1,81,693 | 1,16,026 | 1,79,021 |
| 14 | मणिपुर | 167 | 1,151 | 17,822 | 2,379 | 1,725 | 3,626 |
| 15 | मेघालय | 10,968 | 4,995 | 26,434 | 5,016 | 3,335 | 7,009 |
| 16 | मिजोरम | 2,430 | 997 | 7,017 | 1,123 | 0 | 1,158 |
| 17 | नगालैंड | 615 | 3,687 | 4,706 | 535 | 9,750 | 0 |
| 18 | ओडिशा | 5,48,213 | 3,61,189 | 2,90,290 | 3,95,106 | 3,313 | 97,145 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पंजाब | 8,124 | 410 | 1,884 | 3,908 | 10,872 | 5,473 |
| 20 | राजस्थान | 3,74,792 | 1,66,763 | 2,63,392 | 3,15,479 | 3,85,804 | 1,41,340 |
| 21 | सिक्किम | 0 | 34 | 0 | 13 | 273 | 5 |
| 22 | तमिलनाडु | 88,201 | 49,986 | 97,963 | 51,868 | 2,15,581 | 57,322 |
| 23 | त्रिपुरा | 22,532 | 6,155 | 990 | 15,462 | 1,57,134 | 1,639 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 1,78,134 | 1,74,166 | 7,28,022 | 37,710 | 4,34,597 | 10,94,653 |
| 25 | उत्तराखंड | 32 | 192 | 47 | 19 | 15,361 | 3,844 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 9,62,368 | 2,86,333 | 9,41,389 | 6,78,583 | 1,66,586 | 9,59,228 |
| 27 | अंडमान और निकोबार | 929 | 286 | 397 | 483 | 0 | 335 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली और दमन दीव | 0 | 221 | 94 | 972 | 47 | 641 |
| 29 | लक्षद्वीप | 0 | 9 | 0 | 28 | 0 | 7 |
| 30 | पुदुचेरी | | 0 | | 0 | | 0 |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 2,304 | 5 | 1,816 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | कर्नाटक | 999 | 7,085 | 31,598 | 2,405 | 3,649 | 11,239 |
| 33 | तेलंगाना | | 0 | | 0 | | 0 |
| 34 | लद्दाख | 1,228 | 1,344 | 200 | 62 | 450 | 22 |
| | कुल | 46,47,602 | 21,31,194 | 48,65,673 | 33,99,605 | 37,11,337 | 42,39,786 |

पुदुचेरी और तेलंगाना पीएमएवाईजी को कार्यान्वित नहीं कर रहे हैं।

| | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृत | निर्मित | स्वीकृत | निर्मित | स्वीकृत | निर्मित |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 2,594 | 9,344 | 3 | 21,373 | 0 | 594 |
| 2 | असम | 10,51,734 | 10,09,134 | 2,14,210 | 3,90,399 | 1,71,875 | 49,981 |
| 3 | बिहार | 1,32,539 | 11,46,997 | 771 | 76,717 | 2,35,348 | 21,514 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 81,373 | 33,575 | 57 | 2,32,309 | 6,53,589 | 12,784 |
| 5 | गोवा | 17 | 12 | 0 | 94 | 0 | 3 |
| 6 | गुजरात | 1,46,287 | 65,545 | 26,092 | 1,49,458 | 2,17,752 | 4,828 |
| 7 | हरियाणा | 5,086 | 5,403 | 56 | 2,582 | 6 | 5 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 792 | 3,654 | 10,011 | 4,557 | 71,938 | 2,890 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 7,786 | 79,271 | 1,37,201 | 79,746 | 61 | 36,428 |
| 10 | झारखंड | 11,582 | 3,63,310 | 75 | 50,860 | 52,339 | 640 |
| 11 | केरल | 1,612 | 8,825 | 2 | 5,136 | 20,139 | 145 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 7,52,977 | 10,58,356 | 58 | 1,32,301 | 3,52,723 | 8,369 |
| 13 | महाराष्ट्र | 2,86,954 | 3,43,395 | 907 | 1,08,359 | 5,65,551 | 8,507 |
| 14 | मणिपुर | 13,845 | 13,955 | 58,256 | 6,937 | 1 | 7 |
| 15 | मेघालय | 8,801 | 6,913 | 1,16,234 | 54,875 | 0 | 24,045 |
| 16 | मिजोरम | 6,951 | 1,020 | 9,484 | 17,539 | 0 | 290 |
| 17 | नागालैंड | 4,187 | 3,210 | 25,945 | 8,191 | 0 | 4,265 |
| 18 | ओडिशा | 8,86,766 | 30,368 | 932 | 5,26,370 | 1,04,263 | 68,002 |
| 19 | पंजाब | 4,676 | 11,381 | 105 | 3,921 | 15,929 | 27 |
| 20 | राजस्थान | 7,378 | 3,94,988 | 35 | 31,419 | 1,55,162 | 2,196 |
| 21 | सिक्किम | 47 | 41 | 0 | 249 | 0 | 24 |
| 22 | तमिलनाडु | 35,069 | 1,75,263 | 9,399 | 1,04,536 | 11,590 | 8,113 |
| 23 | त्रिपुरा | 51,817 | 1,80,494 | 1,19,113 | 1,32,235 | 0 | 5,295 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 8,57,792 | 6,62,223 | 1,50,667 | 3,78,405 | 45,158 | 10,363 |
| 25 | उत्तराखंड | 18,599 | 12,493 | 22,065 | 38,562 | 0 | 560 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 11,06,780 | 1,47,378 | 201 | 14,002 | 0 | 3,918 |
| 27 | अंडमान और निकोबार | 6 | 97 | 1,948 | 26 | 0 | 0 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 908 | 1,486 | 4921 | 359 | 0 | 62 |
| 29 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 30 | पुदुचेरी | | 0 | | 0 | | 0 |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 1,78,895 | 2,167 | 11 | 28,160 | 492 | 4,785 |
| 32 | कर्नाटक | 37,607 | 2,641 | 43,883 | 33,834 | 78,596 | 6,298 |
| 33 | तेलंगाना | | 0 | | 0 | | 0 |
| 34 | लद्दाख | 1 | 1 | 1,125 | 1,575 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **57,01,458** | **57,72,940** | **9,53,767** | **26,35,087** | **27,52,512** | **2,84,938** |

पुदुचेरी और तेलंगाना पीएमएवाईजी को कार्यान्वित नहीं कर रहे हैं।

**अनुबंध-II**

**लोकसभा में दिनांक 10.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2463 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित विवरण**

विगत 5 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई निधियों के केन्द्रीय अंश का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा

(रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | राज्य का नाम | **2019-20** | | **2020-21** | | **2021-22** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **जारी केन्द्रीय अंश** | **उपयोग** | **जारी केन्द्रीय अंश** | **उपयोग** | **जारी केन्द्रीय अंश** | **उपयोग** |
| 1 | मध्य प्रदेश | 2291.98 | 4176.03 | 4565.8 | 4068.96 | 4509.58 | 8046.72 |
| 2 | महाराष्ट्र | 1815.33 | 1924.76 | 1310.1 | 2433.50 | 1249.8 | 2003.81 |
| 3 | दादरा और नगर हवेली | 55.98 | 23.33 | 0 | 33.46 | 0 | 21.85 |

उपयोग केंद्रीय अंश, राज्य अंश, विविध प्राप्तियों की तुलना में है

आवाससॉफ्ट की रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 05.12.2024 तक

**(रु. करोड़ में)**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | **2022-23** | | **2023-24** | | **2024-25** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **जारी केन्द्रीय अंश** | **उपयोग** | **जारी केन्द्रीय अंश** | **उपयोग** | **जारी केन्द्रीय अंश** | **उपयोग** |
| 1 | मध्य प्रदेश | 6374.91 | 11171.29 | 241.64 | 1258.46 | 1560.4 | 1178.26 |
| 2 | महाराष्ट्र | 1676.07 | 3098.13 | 785.21 | 1820.28 | 1166.25 | 825.04 |
| 3 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 13.49 | 0 | 16.73 | **0** | 18.68 |

उपयोग केंद्रीय अंश, राज्य अंश, विविध प्राप्तियों की तुलना में है

आवाससॉफ्ट की रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 05.12.2024 तक

*****